आईआईएम राँची ने मनाया अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस

IIM में सेवन समिट्स विजेता प्रेमलता व थेरेपिस्ट नवनिता ने साझा किए अनुभव

सिटी रिपोर्टर • रांची

IIM रांची में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। संस्थान की आंतरिक समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व और उनके समाज पर प्रभाव का सम्मान करना था। मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री प्रेमलता अग्रवाल (दुनिया की सात सबसे ऊंची चोटियों को फतह करने वाली पहली भारतीय महिला) और नवनिता गौतम (भारत की पहली प्रमाणित एथलेटिक थेरेपिस्ट) उपस्थित थीं। प्रेमलता अग्रवाल ने 18 वर्ष की उम्र में विवाह के बाद एक गृहिणी से माउंट एवरेस्ट विजेता बनने तक के अपने साहसी सफर को साझा किया। वहीं, नवनिता गौतम ने खेल जगत में अनुशासन और लचीलेपन के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ कंफर्ट जोन से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया। डीन (एकेडमिक्स) प्रो. तनुश्री दत्ता और IC चेयरपर्सन प्रो. प्रीति राय ने भी समानता और महिला सशक्तीकरण पर अपने विचार रखे।

Dainik Bhaskar_10.03.2026_P. 4

आइआइएम रांची ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

आइआइएम रांची में आयोजित कार्यक्रम में शामिल महिलाएं • सौ. स्वयं

जासं, रांची : आइआइएम रांची में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों और नेतृत्व को मान्यता देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवनीता गौतम, जो देश की पहली प्रमाणित एथलेटिक थेरेपिस्ट हैं, और प्रेमलता अग्रवाल, जो सातों महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर विजय प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला हैं, शामिल रहीं। नवनीता ने आइपीएल व डब्ल्यूपीएल में अपने अनुभव साझा किए, जबकि प्रेमलता ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की अपनी यात्रा का वर्णन किया। कार्यक्रम में प्रो. तनुश्री दत्ता और प्रो. प्रीति रे ने भी अपने विचार रखे।

Dainik Jagran_09.03.2026_P. III

शिखर फतह करने वाली बेटियों ने दी सीख

- आईआईएम में जेंडर सेंसिटाइजेशन कमेटी ने आयोजित किया विशेष सत्र
- एथलेटिक थेरेपिस्ट नवनीता व पर्वतारोही प्रेमलता ने युवाओं को दी प्रेरणा

रांची, विशेष संवाददाता। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में रविवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान की आंतरिक समिति और जेंडर सेंसिटाइजेशन कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं की उपलब्धियों, नेतृत्व क्षमता और उनके सामाजिक योगदान को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं के प्रेरक अनुभवों ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को गहराई से प्रभावित किया।

मुख्य अतिथि देश की पहली प्रमाणित एथलेटिक थेरेपिस्ट नवनीता गौतम और विख्यात पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल उपस्थित थीं। नवनीता गौतम पिछले 15 वर्षों से बास्केटबॉल, गोल्फ, सॉकर और क्रिकेट जैसे खेलों के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ कार्य कर रही हैं। वर्तमान में वह महिला प्रीमियर लीग और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम से भी जुड़ी हुई हैं। वहीं, दूसरी मुख्य अतिथि प्रेमलता अग्रवाल दुनिया के सातों महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों को फतह करने वाली पहली भारतीय महिला हैं। पर्वतारोहण के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2013 में पद्मश्री और 2017 में तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

आईआईएम की डीन प्रो. तनुश्री दत्ता ने कहा कि समाज में एक ऐसा वातावरण तैयार करना अनिवार्य है, जहां महिलाओं को हर दिन समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो सके। आंतरिक समिति की अध्यक्ष प्रो. प्रीतिरे ने महिला शक्ति की दृढ़ता, साहस और उनके नेतृत्व कौशल पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और चुनौतियों का डटकर सामना करने की सीख दी।

प्रेरणा का महासंगम: आईआईएम रांची में महिला दिवस पर रविवार को पद्मश्री प्रेमलता अग्रवाल और एथलेटिक थेरेपिस्ट नवनीता गौतम ने अपने संघर्षों की कहानी साझा की।

Hindustan_09.03.2026_P. 7

आइआइएम रांची में महिला दिवस

रांची. आइआइएम रांची में महिला दिवस मनाया गया. इंटरनल कमेटी (आइसी) व जेंडर सेंसिटाइजेशन कमेटी के सहयोग से आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि एथलेटिक थैरेपिस्ट नवनीता गौतम और पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल उपस्थित रहे.

Prabhat Khabar_09.03.2026_P. 7